# वित्त मंत्री दीया कुमारी ने 2 घंटे 51 मिनट में पेश किया भजनलाल सरकार का पहला बजट

## बजट के दौरान कांग्रेस नेताओं ने हंगामा किया तो स्पीकर ने फटकार लगाई

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बुधवार को राजस्थान विधानसभा में भजनलाल सरकार का पहला पूर्ण बजट पेश किया। करीब 2 घंटे 51 मिनट में दीया कुमारी ने शायराना अंदाज में राज्य के लिए कई घोषणाएं की। उन्होंने सदन में बताया कि, वर्ष 2024-25 का राजकोषीय घाटा 70 हजार 9 करोड़ 47 लाख है, जो जीएसडीपी का 3.93 प्रतिशत है। जबकि बजट अनुमानों में राजस्व घाटा 25 हजार 758 करोड़ 11 लाख रुपए हैं। उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने राज्य सरकार के परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 को सदन में पेश किया, जिसमें वर्ष 2024-25 के बजट अनुमानों में दो लाख 64 हजार 461 करोड़ 29 लाख रुपए की राजस्व प्राप्तियां और वर्ष 2024-25 में बजट अनुमानों में दो लाख 90 हजार 219 करोड़ 40 लाख रुपए का राजस्व व्यय है।

- **पूर्व मंत्री शांति धारीवाल ने टोकाटाकी की तो स्पीकर ने आपत्ति जताते हुए कहा, ''कुछ तो गरिमा रखिए, आप बीमार हो, बैठिए! सत्ता में थे तब भी यही करते थे, आज भी वहीं कर रहे हो।''**
- **कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा समेत विपक्षी विधायकों ने बार-बार हंगामा किया तो स्पीकर ने फटकारते हुए कहा, ''नेता प्रतिपक्ष चुप बैठे हैं, आप बिना इनकी अनुमति नेतागिरी कर रहे हो।''**

बजट पेश करने के दौरान जब कांग्रेस विधायकों ने बार-बार हंगामा कर व्यवधान डाला तो स्पीकर वासुदेव देवनानी ने उन्हें कड़ी फटकार लगाई। जब वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पिछली सरकार में संसदीय मंत्री रहे शांति धारीवाल भी बजट घोषणाओं पर टोकाटाकी करने से नहीं थमे, तो स्पीकर ने उन्हें आड़े हाथों ले लिया। देवनानी ने कहा, ''कुछ तो गरिमा रखिए, आप बीमार हो, बैठिए! सत्ता में थे तब भी यही करते थे, आज भी वहीं कर रहे हो।'' इस पर विपक्ष के अन्य विधायकों ने विरोध करना चाहा तो स्पीकर ने उन्हें भी लताड़ते हुए कहा, ''नेता प्रतिपक्ष चुप बैठे हैं, आप बिना इनकी अनुमति नेतागिरी कर रहे हो। बजट के बीच में कोई भी व्यवधान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।''

हालांकि देवनानी ने इससे पहले हंगामा कर रहे विपक्षी विधायकों को समझाने की कोशिश की थी। बजट घोषणाओं के बीच में जब कांग्रेस ने बार-बार टोकाटाकी की तो वित्त मंत्री चुप हो गई। इस पर स्पीकर ने विपक्ष से कहा, आज बजट पूरा सुनिये, चर्चा कल करेंगे। इसके बाद भी जब हंगामा शांत नहीं हुआ तो उन्होंने विपक्ष को लताड़ते हुए शांत कराया और इसके बाद दीया कुमारी को बजट आगे पढ़ने के लिए कहा। डोटासरा को टोकते हुए कहा कि ''डोटासरा मैं आपको अंतिम चेतावनी दे रहा हूं। आप डिस्टर्ब नहीं करेंगे, कल परसों जब भी बोलना है, तब बोलिएगा, लेकिन आज चुप रहिए। मैं आपकी इस हरकत को बर्दाश्त नहीं करूंगा। आप लोग सदन की मर्यादा को भंग करोगे, तो मैं इसे सहन नहीं करूंगा।''

इसी बीच विपक्ष पर तंज कसते हुए दीया कुमारी ने कहा, ''युवाओं के भविष्य की बात कर रही हूं, वो तो सुन लीजिए। इसके बाद उन्होंने राजस्थान में अगले 5 साल में 4 लाख नौकरियां देने और इस साल में 70 हजार के बजाय 1 लाख युवाओं को नौकरी देने की घोषणा की। दीया कुमारी ने सदन में कहा कि, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हमारी सरकार ने अब तक 20 हजार युवाओं को प्रदेश में नियुक्तियां दे दी है।'' बजट घोषणा के दौरान दीया कुमारी ने स्वामी विवेकानंद, भीमराव अंबेडकर, विनोबा भावे, संत हरिदास, निदा फाजली और एमएस स्वामीनाथन की पंक्तियां भी पढ़कर सुनाई।

इससे पहले बजट घोषणाओं के दौरान जब दीया कुमारी जब पेज पलटकर आगे बढ़ाने लगी तो विपक्ष ने तंज कसना चाहा, जिस पर उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि, बहुत लंबी सूची है। इस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा समेत भाजपा विधायकों ने मेज थपथपाकर समर्थन किया। इसके बाद भी दीया पन्ने पलटती रहीं तो विपक्ष ने आपत्ति जताई। जिस पर विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि अभी आपको भी बहुत कुछ मिलेगा। बहुत कुछ मिल रहा है। फिर दीया कुमारी ने कहा ये तो सुनिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसके बाद विपक्ष के सदस्य चुप हुए। बार-बार हंगामे के लिए खड़े होने पर स्पीकर ने कांग्रेस नेताओं पर चुटकी लेते हुए पूछा, ''आपके नीचे स्प्रिंग लगी है क्या?'' इस पर मुख्यमंत्री समेत सत्ता पक्ष की भी हंसी छूट पड़ी।

वित्त मंत्री की ओर से महिला सुरक्षा की बजट घोषणा के दौरान डोटासरा ने कहा- कुछ भी कहो, आज राजेंद्र राठौड़ की कमी खल रही है। इसे सुनकर दीया कुमारी भी मुस्कुराने लगी। इस पर स्पीकर ने डोटासरा से कहा- आप उनकी कमी को पूरा कर रहे हो क्या?

बजट भाषण के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने ध्वनिमत से बजट पारित करने के लिए सबसे पहले सत्ता पक्ष के विधायकों से ''हां'' पक्ष को लेकर स्वर मांगा। इस पर ध्वनिमत से सत्ता पक्ष के विधायकों ने ''हां'' कहा। इसके बाद उन्होंने बजट पर विपक्ष को लेकर पूछा। इस पर विपक्ष के नेता तो शांत रहे। इस पर कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने खड़े होकर कहा, ''सन्नाटा।''

# असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया आये विधानसभा



**असम के राज्यपाल गुलाब चन्द कटारिया बुधवार को विधानसभा आये। स्पीकर वासुदेव देवनानी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कटारिया और देवनानी की लगभग आधे घंटे की मुलाकात भी हुई। कटारिया ने विधान सभा की कार्यवाही भी देखी। विधान सभाअध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सदन को अवगत करवाया कि असम के राज्यपाल गुलाब चन्द कटारिया राज्यपाल दीर्घा में बैठकर सदन की कार्यवाही देख रहे हैं। विधानसभा का डिजिटल म्यूजियम देखने आये शिव के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों से स्पीकर देवनानी ने परिचय लिया। उनके विद्यालय और शिक्षा की जानकारी ली। असम के राज्यपाल कटारिया भी बच्चों से मिले।**

# बजट में समृद्ध राजस्थान की आधारशिला रखी : सी.पी.जोशी

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने आज राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत पूर्ण बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे विकसित, समग्र, सशक्त औ समृद्ध राजस्थान की आधारशिला रखने वाला बताया।

उन्होंने कहा बजट में किसान, युवा, महिला, शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, रोजगार सहित मैट्रो रेल और एयरपोर्ट से लेकर ग्रामीण विकास तक हर क्षेत्र में जनता को महत्पूर्ण सौगातें मिली है। उन्होंने आमजन की सुख-सुविधा और मजबूती को ध्यान में रखकर तैयार किए गए बजट के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वित्त मंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि बजट में चार लाख नई भर्तियों की घोषणा, दस लाख से ज्यादा रोजगार के अवसर प्रदान करने की घोषणा, स्कूलों में लाईब्रेरी और टॉयलेट सहित बुनियादी सुविधाओं के विकास की घोषणा, दिल्ली के भारत मंडपम की तर्ज पर राजस्थान मंडपम तैयार करने की घोषणा, प्रदेश में 2750 किमी से अधिक की लंबाई के 9 ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे के निर्माण की घोषणा, पीएम सूर्य घर योजना के तहत आदर्श सौर ग्राम बनाने की घोषणा, 25 लाख ग्रामीण घरों में नल से जल पहुंचाने की घोषणा, राजस्थान इरिगेशन वाटर ग्रिड मिशन शुरू करने, ऑर्गेनिक फार्मिंग को बढ़ावा देने के लिए अलग से बोर्ड बनाने की घोषणा, किसानों को मॉर्डन कृषि उपकरण खरीदने के लिए अनुदान देने की घोषणा, 500 नए एफपीओ खोलने की घोषणा, बालिकाओं को पुलिस-सेना में भर्ति के लिए संभागों में बालिका सैनिक स्कूल खोलने की घोषणा, 15 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की घोषणा, आदिवासी समुदाय की के बच्चों के लिए 250 नई मां बाड़ी खोलने की घोषणा, राजस्थान डिजिटल हेल्थ मिशन शुरू करने की घोषणा, खेलो इंडिया की तर्ज पर हर साल जिला व राज्य स्तर पर खेलो राजस्थान यूथ गेम्स के आयोजन की घोषणा, 1300 करोड रूपये की लागत से कमजोर लोगों के लिए मकान और बुनियादी सुविधाएं विकसित करने सहित अनेक प्रकार की घोषणाओं से प्रदेश को मजबूती मिलेगी और विकास को पंख लगेंगे।

## शिक्षा मंत्री ने बजट को बताया बेहतरीन

**जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बजट को प्रदेश का बेहतरीन और ऐतिहासिक बजट बताया। जिस मे हमारी सरकार ने हर वर्ग के लिए कुछ ना कुछ दिया है। यानी हर वर्ग की बेहतरी का ध्यान रखा गया है। यह बजट डबल इंजिन सरकार के उद्देश्य व विकसित ,सशक्त राजस्थान के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। इसमें विकास के सभी पहलुओं को समाहित किया गया है।खास कर युवाओं के रोजगार पर विशेष ध्यान हमारी सरकार का है। 5 साल मे 4 लाख युवाओं को रोजगार हम देनेवाले है। वित्त मंत्री दिया कुमारी को इस शानदार बजट के लिए बधाई।

भाजपा प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर ने भाजपा के पूर्णकालिक बजट 2024-2025 पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राजस्थान को अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में सकारात्मक एवं दूरदर्शी पहल है।

# राजस्थान में लागू होगी मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर।** मोदी सरकार की 'आयुष्मान भारत' स्कीम की तर्ज पर राजस्थान में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना लागू की जायेगी। भजनलाल सरकार ने राज्य विधानसभा में बुधवार को बजट पेश करते हुए इसकी घोषणा की। राज्य की वित्त मंत्री दीया कुमारी ने कहा कि आगामी 3 वर्षों में सरकार ने 15 हजार करोड़ रु. के बजट का प्रावधान किया है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक आयुष्मान मॉडल सामुदायिक केन्द्र बनाने पर 125 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे।

- **आगामी 3 वर्षों के लिए सरकार ने रखा 15 हजार करोड़ का बजट**

बजट में सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर के आयुष्मान टावर के लिए लगभग 200 करोड़ रुपये व्यय, अजमेर में आयुर्वेद , योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं एक हजार 500 चिकित्सकों तथा चार हजार नर्सिंग कर्मियों के नये पद सृजित किए जायेंगे।

इसी तरह सड़क सुरक्षा क्षेत्र में आरयूएचएस जयपुर, कोलाना (बांदीकुई) दौसा , साण्डेराव , देसूरी-पाली एवं प्रतापगढ़ सहित छह नये ट्रोमा सेंटर , 25 अतिरिक्त उन्नत जीवन सुरक्षा एम्बुलेंस, प्रत्येक संभाग मुख्यालय पर सड़क सुरक्षा टॉस्क फोर्स का प्रावधान किया गया है। इसी तरह सामाजिक सुरक्षा क्षेत्र में बाबा साहेब अम्बेडकर आदर्श ग्राम विकास योजना में 10 हजार से अधिक जनसंख्या वाले गांवों में वंचित वर्ग की आबादी सकी आधारभूत संरचनाओं के लिए दो सौ करोड़ रुपये का प्रावधान , शहरी क्षेत्रों एवं कस्बों में स्ट्रीट वेंडरों के साथ अन्य जरुरतमंद एवं असहाय परिवारों के लिए, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के लाभार्थियों को 25 हजार रुपये का अनुदान , ईडब्ल्यूएस हेतु रियायती ब्याज दर पर ऋण के लिए 25 करोड़ रुपये का प्रावधान , प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच-पांच नवीन आंगनबाडी केन्द्र , लखपति दीदी योजना के अंतर्गत इस वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य का पांच लाख से बढ़ाकर 15 लाख रुपये करने तथा दो हजार दिव्यांगजन को स्कूटी देने का प्रावधान किया गया है। जयपुर पुलिस आयुक्तालय में पृथक से सुरक्षा पुलिस बल , पद्मिनी , कालीबाई एवं अमृतादेवी महिला पुलिस बटालियनों की स्थापना , पुलिस के लिए 750 मोटरसाइकिल एवं पांच सौ हल्के वाहन एवं विभिन्न नये न्यायालयों की स्थापना , प्रत्येक जिले में एक महिला थाना एवं 10 नये पुलिस थाने खोलने का प्रावधान किया गया है। इसी तरह कार्मिक कल्याण पेंशनर्स को देय आउट डोर चिकित्सा सुविधा व्यय की सीमा का 30 हजार रुपये से बढ़ाकर 50 हजार रुपये प्रतिवर्ष , ग्रेच्युटी की वर्तमान अधिकतम सीमा को 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने का प्रावधान किया गया है।

# 'गुलाबी नगरी' को पूरे देश में नंबर-1 स्मार्ट सिटी बनाने का विजन पेश किया भजनलाल सरकार ने

## जयपुर में 9 स्थानों पर एलिवेटेड रोड और रेलवे ओवर ब्रिज बनेंगे, इलेक्ट्रिक बसों का संचालन भी होगा

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुलाबी नगरी (जयपुर) को देश में अव्वल स्मार्टसिटी बनाने की कवायद शुरू कर दी है। इसका रोडमैप बुधवार को विधानसभा में पेश हुए पहले बजट में खुलकर नजर आया। शहर में 9 जगहों पर फ्लाईओवर व रेलवे ओवर ब्रिज, इलेक्ट्रिक बसों का संचालन, जयपुर परकोटे के हैरिटेज संरक्षण, सड़कों के नवीनीकरण, पर्यटन स्थलों पर सुविधाएं विकसित करने की घोषणाओं के साथ यह विजन पेश किया गया है।

- **सांगानेर और विद्याधर नगर क्षेत्र में सड़क निर्माण और नवीनीकरण पर 165 करोड़ रु. खर्च किए जाएंगे**
- **जयपुर परकोटे और हैरिटेज बिल्डिंगों के संरक्षण के लिए 100 करोड़ रुपए का बजट दिया**
- **आमेर, जयगढ़ और नाहरगढ़ पर रोप-वे बनाने की घोषणा, दिल्ली की तर्ज पर जयपुर में ''राजस्थान मंडपम'' भी बनाया जायेगा**

भजनलाल सरकार ने अपने पहले पूर्ण बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष जोर दिया है। जयपुर में 9 स्थानों पर एलिवेटेड रोड व फ्लाई ओवर ब्रिज बनाने, केन्द्र सरकार की मदद से जयपुर मेट्रो के अधूरे प्रोजेक्ट को पूरा करने और इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की सौगात दी गई है। जयपुर परकोटे और हैरिटेज बिल्डिंगों के संरक्षण के लिए 100 करोड़ रुपए का प्लान बनाकर काम शुरू करवाया जाएगा। सांगानेर एयरपोर्ट की टर्मिनल कैपेसिटी को 50 लाख यात्री प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 70 लाख करने और नया टर्मिनल भी बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और डिप्टी सीएम दीया कुमारी के विधानसभा क्षेत्रों में करीब 165 करोड़ रुपए की लागत से सड़कों का नेटवर्क बिछाया जाएगा। इसमें नई सड़क बनाने के साथ-साथ पुरानी सड़कों का नवीनीकरण होगा।

गुलाबी नगर के प्रमुख पर्यटन स्थल आमेर, जयगढ़ और नाहरगढ़ किले पर रोप-वे भी बनाए जाएंगे। आमेर में लाइट एंड शो का बेहतर तरीके से करवाया जाएगा। एस.एम.एस. स्टेडियम में खिलाड़ियों की सुविधा के लिए ''स्टेट ऑफ दि आर्ट अल्ट्रा फिटनेस सेंटर'' स्थापित किया जाएगा। दिल्ली की तर्ज पर जयपुर में ''राजस्थान मंडपम'' भी बनाया जाएगा।

बजट घोषणाओं के मुताबिक जयपुर के विद्याधर नगर क्षेत्र में 70 करोड़ रुपए की लागत से सीवरेज लाइनें बिछाई जाएगी। ट्रैफिक की समस्या का समाधान के लिए 1500 से ज्यादा पुलिस वॉलेंटियर्स दिए जाएंगे। प्रताप नगर स्थित आर.यू.एच.एस. अस्पताला में नया ट्रोमा सेंटर बनाया जायेगा। जयपुर के पर्यटन स्थलों पर इनफॉरमेशन टैक्नोलॉजी (आई.टी.) से संबंधित कार्य करवाए जाएंगे। जयपुर में पौधा रोपण और पार्क के विकास कार्य के लिए अलग से बजट दिया जाएगा। जयपुर में नाहरगढ़ जैविक उद्यान में 20 करोड़ की लागत से वॉक इन एवियरी बनाई जाएगी। झालाना में फॉरेस्ट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की स्थापना की जाएगी। जयपुर में अटल इनोवेशन इंस्टीट्यूट बनाया जाएगा, जिसमें इनोवेशन से संबंधित लोगों को प्लेटफार्म दिया जाएगा।

इसके अलावा जनक मार्ग से शुरू होकर खातीपुरा मोड से क्वींस रोड होते हुए पुरानी चुंगी पर अंडरपास बनाते हुए झारखंड मोड से सिरसी रोड पर गौतम मार्ग तक एलीवेटेड रोड बनाया जायेगा। इसकी डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डी.पी.आर.) जल्द बनाई जाएगी।

सिरसी रोड पर राणा कुम्भा मार्ग से होते हुए सिरसी मोड तक एलिवेटेड रोड की डी.पी.आर. बनाई जाएगी। मुरलीपुरा इलाके में नाडी का फाटक पर 86.89 करोड़ की लागत से 4 लेन का आरओबी बनाने की घोषणा की गई है। सीतावाली फाटक से बैनाड़ फाटक के बीच 14.37 करोड़ रुपए की लागत से रेलवे अंडरब्रिज (आरयूबी) बनाने की घोषणा की गई है। जगतपुरा स्थित सीबीआई फाटक पर 95 करोड़ की लागत से रेलवे ओवरब्रिज बनाया जायेगा। सालीग्रामपुरा फाटक पर 86 करोड़ रुपए की लागत से रेलवे ओवरब्रिज बनाया जायेगा।

अम्बेडकर सर्किल से ओ.टी.एस. चौराहा और यहां से जवाहर सर्किल तक एलिवेटेड रोड बनायी जायेगी। इसके लिए फिजिबिलिटी रिपोर्ट और डी.पी.आर. बनाने का काम जल्द शुरू होगा। सांगानेर फ्लाईओवर से चौरड़िया पेट्रोल पंप तक 170 करोड़ रुपए की लागत से एलिवेटेड रोड बनेगा। जयपुर में कलेक्ट्री सर्किल से राजमहल चौराहे तक एलिवेटेड रोड बनाने के लिए भी जल्द काम शुरू होगा।

# कृषकों को बजट में कोई राहत नहीं दी है : पायलट

**जयपुर।** राजस्थान की भजनलाल सरकार के पहले पूर्ण बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेताओं ने इसे दिशाहीन बजट बताया है और कहा है कि इसमें न तो जनता को राहत मिली है और न ही विकास का रोडमैप है। शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा से भी इस बजट का कोई सरोकार नहीं है।

- **राज्य सरकार का पहला पूर्ण बजट आमजन को निराश करने वाला**

एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा पेश किया गया पहला ही पूर्ण बजट आमजन को निराश करने वाला है। कृषि व कृषकों को इस बजट में कोई राहत नहीं दी गई है। सदन में एम.एस. स्वामीनाथन जी के कथन को पढ़ा परंतु एमएसपी को कानूनी दर्जा देने एवं उन्हें लागू करने को लेकर कुछ बोला होता तो बेहतर रहता। डबल इंजन की सरकार एमएसपी के कानूनी प्रावधान पर चुप है।

पायलट ने कहा कि ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने को लेकर भी बजट में कोई ज़िक्र नहीं किया गया। युवाओं के रोजगार, महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त, शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, महंगाई एवं बेरोजगारी को लेकर इस बजट में न तो कोई नीति दिखाई देती है और न ही कोई योजना। जमीनी वास्तविकता एवं समस्याओं से दूर यह बजट पूर्ण रूप से दिशाहीन एवं लोगों की अपेक्षाओं के विपरीत है।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया पर बजट को लेकर लिखा कि, हमारी सरकार ने मिशन-2030 के तहत राजस्थान को नंबर 1 बनाने का लक्ष्य रखा था। मुझे आशा थी कि हमारी सरकार जाने के बाद भाजपा सरकार कम से कम राजस्थान की बेहतरी के लिए इस मिशन को ध्यान में रखकर काम करेगी और विकास की बेहतरीन योजनाएं लाएगी। बुधवार को राजस्थान सरकार की ओर से लाए गए बजट का शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा से कोई सरोकार नहीं लगता है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बजट को लेकर कहा कि बजट में सिर्फ किलों और महलों की बातें गांव, गरीब, ग्रामीण, किसान की कोई बात नहीं है।राजस्थान की भाजपा सरकार का बजट पूर्णतया दिशाहीन है। बजट भाषण थोथी घोषणाओं, झूठे तथ्यों एवं हताशा से भरा हुआ था। बजट में किसान के लिए एमएसपी, कृषि लागत कम करने, आमजन को महंगाई से राहत देने एवं गरीब को 25 लाख तक निःशुल्क इलाज देने का कोई प्रयास नहीं दिखा। बजट में किसानों, महिलाओं, युवाओं, नौकरीपेशा एवं मध्यमवर्ग के साथ शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की भी उपेक्षा की गई। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने बजट को दिशाहीन बताते हुए कहा कि बजट पूर्व अपेक्षित निराशाओ से ही पूर्णतह घिरा हुआ नजर आया। गाँव, देहात में किसान,जवान,मज़दूर किसी तबके के लिए इस बजट में कुछ दिखाई नहीं देता है ।इस पूरे बजट में सिर्फ़ भाजपा नेताओं की सामंतवादी विचारधारा नजर आती है।

# सी.एन.जी. गैस पर वैट 14.50 से घटाकर 10 फीसदी किया

**जयपुर** (विसं)। भजनलाल सरकार ने अपने पहले बजट में सी.एन.जी. गैस और 50 लाख रु. की कीमत तक के फ्लैट्स पर रजिस्ट्री सस्ती करने की घोषणा की है। उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बुधवार को सदन में बजट पेश करते हुए इसकी घोषणा की। वित्त मंत्री ने राज्य में सीएनजी-पीएनजी पर लगने वाले वैट को 14.5 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी करने का ऐलान किया। वहीं फ्लैट की रजिस्ट्री पर लगने वाली स्टाम्प ड्यूटी को 6 से घटाकर 5 फीसदी कर दिया है।

देखा जाए तो वर्तमान में जयपुर शहर में सी.एन.जी. गैस की दरें 79.47 रुपए प्रति किलोग्राम है। एक किलोग्राम सीएनजी पर 14.50 फीसदी की दर से 11.52 रुपए वैट देना पड़ता है। इस तरह एक किलो सीएनजी गैस बाजार में 90.99 रुपए में मिलती है। अब राज्य सरकार द्वारा सी.एन.जी. गैस पर वैट की दर 14.5 फीसदी से कम करके 10 फीसदी कर दी है। अब एक किलो सीएनजी की कीमत 79.47 पर 10 फीसदी की दर से 7.94 रुपए वैट देना होगा। इस तरह एक किलोग्राम सीएनजी 87.41 रुपए की दर से उपलब्ध होगी।

इसी प्रकार वर्तमान में 50 लाख रुपए कीमत के फ्लैट की रजिस्ट्री करवाने पर 6 फीसदी की दर से 3 लाख रुपए स्टाम्प ड्यूटी के लगते हैं। स्टाम्प ड्यूटी पर 30 फीसदी सरचार्ज लगता है। फ्लैट की कीमत का एक फीसदी पंजीयन शुल्क चुकाना पड़ता है। अब स्टाम्प ड्यूटी 1 फीसदी घटाने के बाद आमजन को काफी राहत मिलेगी।

इसके साथ ही पत्नी, पुत्रवधू, पोता, पोती एवं दोहिता, दोहिती के पक्ष में निष्पादित सेटलमेंट डीड पर स्टाम्प डॅयूटी एवं पंजयीन शुल्क पर पूरी छूट दी गई हैं। इसी तरह परिवार के सदस्यों के संयुक्त स्वामित्व के अधीन दो या अधिक गैर कृषि संपत्तियों के बदलने पर स्टाम्प ड्यूटी घटाकर दो प्रतिशत की गई हैं। सैनिकों एवं अद्धसैनिक बलो के शहीदों की वीरांगनाओं, उनके पुत्र, पुत्री या माता पिता को सरकार, निजी संस्था अथवा व्यक्ति विशेष के द्वारा निशुल्क आवास दिय जाने पर स्टाम्प डॅयूटी के साथ ही पंजीयन शुल्क की भी छूट दी गई हैं। निर्माणाधीन प्लैट्स एवं भवनों पर जीएसटी राशि पर स्टाम्प ड्यूटी की छूट का प्रावधान किया है।

सरकार ने अब उन मकानों-जमीनों की रजिस्ट्री पर भी छूट देने का ऐलान किया है, जिनकी खरीद-फरोख्त पूर्व में केवल सामान्य एग्रीमेंट के जरिए की गई हो। ऐसी संपत्तियों या सोसाइटी के पट्टों पर अब स्टाम्प ड्यूटी मौजूदा डीएलसी दरों की 20 फीसदी रेट पर लगाई जाएगी।

# बजट पेश के दौरान उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का शायराना अंदाज

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बुधवार को विधानसभा में बजट पेश करते हुए शायराना अंदाज में अपनी बातें रखी। उन्होंने स्वामी विवेकानंद, भीमराव अंबेडकर, विनोबा भावे, संत हरिदास, निदा फाजली और एमएस स्वामीनाथन की पंक्तियां दोहराते हुए अपना विजन सदन के समक्ष रखा।

बजट भाषण के दौरान दीया कुमारी ने सबसे पहले निदा फाजली का शेर पढ़ा :

**''सफर में धूप तो होगी जो चल सको तो चलो,**
**सभी हैं भीड़ में तुम भी निकल सको तो चलो;**
**किसी के वास्ते राहें कहां बदलती हैं,**
**तुम अपने आप को खुद बदल सको तो चलो।''**

इसके बाद उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सदन में कविता सुनाई।

**''लेकर अच्छी शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य नित करें हम मानव कल्याण, दे सहारा करें असहाय वृद्ध जन का सम्मान, दे नारी को प्रोत्साहन।**

**है भार युवा कंधों पर, आओ कंधे उनके मजबूत बनाएं। आओ मिलकर विकास की ओर एक साथ कदम बढ़ाए।**

**धरती ओढ़े चुनरी हरि साफ स्वच्छ रहे, पर्यावरण रोशन कर घरों को उनके करें हर पल तिमिर का हरण।**

**प्यास बुझे ढाणी-ढाणी, मगरे-मगरे पहुंचे पानी, विकसित हो उद्योग, मिले सबको रोजगार हैं मिलकर हमने ठानी।**

**मंद हो गई जो प्रगति, आओ फिर उसको गतिमान बनाए।**

**आओ मिलकर विकास की ओर एक साथ कदम बढ़ाए।**

**चलो मिलकर हम सब विकसित राजस्थान बनाएं।**

इसके बाद दीया कुमारी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की रचना सदन में पढ़कर सुनाई।

**टूटे हुए तारों से फूटे वासंती स्वर, पत्थर की छाती में उग आया नव अंकुर**

**झरे सब पीले पात, कोयल की कुहुक रात, प्राची में अरुणिमा की रेख देख पाता हूं। गीत नया गाता हूं।**

**टूटे हुए सपने की सुने कौन सिसकी, अंतर को चीर व्यथा पलकों पर ठिठकी।**

**हार नही मानूंगा, रार नई ठानूंगा, काल के कपाल पर लिखता-मिटाता हूं। गीत नया गाता हूं। गीत नया गाता हूं।**

इससे पहले दीया कुमारी ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पंक्तियां दोहराते हुए ''आर्थिक उन्नित और सामाजिक उत्थान की पूंजी औद्योगीकरण में है। औद्योगिक विकास बढ़ाने से हम रोजगार दे सकते हैं, गरीबी कम कर सकते हैं और जीवन स्तर को ऊंचा कर सकते है।''

# प्रदेश को विकास के नए पथ पर ले जाने वाला बजट : शेखावत

**जयपुर।** केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सर्वसमावेशी विकास का बजट प्रस्तुत करने के लिए राजस्थान की वित्त मंत्री दीया कुमारी को शुभकमानाएं दीं। अपनी प्रतिक्रिया में शेखावत ने कहा कि भजनलाल सरकार का पहला पूर्ण बजट हर वर्ग के सपने पूरे होने की गारंटी है। अब डबल इंजन की सरकार राजस्थान को विकास के नए पथ पर लेकर जाएगी। इस बजट के माध्यम से राजस्थान देश का ग्रोथ इंजन बनेगा। शेखावत ने कहा कि भजनलाल सरकार के बजट के दायरे से कोई छूटा नहीं है। हर वर्ग को यह बजट अपने लिए लगेगा और हर वर्ग स्वयं को सशक्त महसूस करेगा। नारी शक्ति, अन्नदाता, युवाओं और गरीबों का बजट में विशेष ख्याल रखा गया है। 5 साल में 4 लाख नौकरियों से युवा सशक्त होगा। ब्याज मुक्त लोन देने के अलावा किसानों के लिए कई घोषणाएं बताई हैं कि भाजपा सरकार किसानों की हितैषी है। 15 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने से हमारी माताएं-बहनें का सशक्तीकरण होगा। साथ ही, महंगाई से राहत देने के लिए कई ठोस कदम बजट में उठाए गए हैं।